कैंपस

इंस्पायर अवार्ड के लिए केवि की जाह्नवी का चयन

मुजफ्फरपुर. केंद्रीय विद्यालय की दसवीं की छात्र जाह्नवी का चयन इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता में किया गया है. यह जानकारी स्कूल के प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने दी. उन्होंने बताया कि छात्रा जाह्नवी का चयन उसके उत्कृष्ट वैज्ञानिक सोच के लिए किया गया है. इंस्पायर अवार्ड में जाह्नवी में मिट्टी की उर्वरता व जल संरक्षण से जुड़े सुझाव दिये थे. उसके सुझाव को वैज्ञानिकों ने सहमति दी. छात्रा जाह्नवी ने अपनी सिनॉप्सिस में बताया था कि साबुन के पानी से जमीन की उर्वरता खत्म हो जाती है, अगर उस स्थान पर रीठा के बीज डाल दिये जाएं, तो साबुन का विषैलापन खत्म हो जाता है और जमीन की उर्वरता बनी रहती है. प्राचार्य ने बताया कि छात्रा को दस हजार रुपये पुरस्कार के तौर पर दिये गये हैं.

19 लाख रोजगार के लिए एक मार्च को छात्र करेंगे विस का घेराव

मुजफ्फरपुर .19 लाख रोजगार-मांग रहा युवा बिहार और रोजगार अभियान के तहत पटना से 7 से 15 फरवरी तक निकली शिक्षा-रोजगार यात्रा गुरुवार को मुजफ्फरपुर पहुंची. पहले जीरोमाइल स्थित शहीदेआजम भगत सिंह तथा मिठनपुरा स्थित शहीद जुब्बा सहनी की प्रतिमा पर छात्र-नौजवान नेताओं ने माल्यार्पण कर शिक्षा-रोजगार के लिए आंदोलन तेज करने का संकल्प लिया. यात्रा में इंकलाबी नौजवान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह भोजपुर से माले विधायक मनोज मंजिल ने कहा कि 19 लाख रोजगार के लिए एक मार्च को बिहार के हजारों छात्र-नौजवान

निर्णय. फिलॉस

बिहार वि

- होम्योपैथी में भी होगी पीएचडी

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विवि में छात्र अब योग से पीजी कर सकेंगे. कुलपति प्रो हनुमान प्रसाद पांडेय की अध्यक्षता में बुधवार को हुई एकेडमिक काउंसिल की बैठक में इस ...

मृ

जि
के
मा
चा
छा
शि
ती
औ

दसवीं की छात्रा जानवी हर्ष को इंस्पायर अवार्ड

जासं, मुजफ्फरपुर : इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता में दसवीं की छात्रा जानवी हर्ष का चयन 20 20–21 के लिए किया गया है। यह प्रतियोगिता विज्ञान एवं तकनीकी विभाग द्वारा होती है। केंद्रीय विद्यालय मुजफ्फरपुर प्रथम पाली की दसवीं की छात्रा जानवी का चयन उनकी उत्कृष्ट वैज्ञानिक सोच के लिए किया गया है। प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा, उप प्राचार्य चंदन कुमार चौधरी ने हर्ष जताया है।

जानवी • जागरण